तैयार हो जाएँ

आँधी जाँचसूची

Government of South Australia

SES RESCUE

Hindi | हिन्दी

आँधी के लिए तैयार बनना

- ☐ ऐसे पेड़ों और शाखाओं की काट-छांट करें जो आपके घर या संपत्ति के ऊपर गिर सकते हैं
- ☐ अपनी छत की मरम्मत करें
- ☐ यह जाँच करें कि आपकी बीमा पॉलिसी वर्तमान और पर्याप्त है
- ☐ अपने घर के आस-पास सभी खुले सामान को बांध दें
- ☐ अपने घर के गटरों, डाउनपाइपों और नालियों की सफाई करें
- ☐ अपने परिवार से बात करें और एक आपातकालीन योजना बनाएँ
- ☐ एक आपातकालीन किट बनाएँ
- ☐ बैटरी से चलने वाला एक रेडियो रखें
- ☐ अपने फोन में या उसके नजदीक आपातकालीन संपर्क नंबरों की सूची रखें

जब आंधी की चेतावनी जारी की जाती है

- ☐ अपनी आपातकालीन योजना सक्रिय करें
- ☐ अपने आपातकालीन किट के स्थान का पता लगाएँ
- ☐ यह सुनिश्चित करें कि आपका मोबाइल फोन पूरी तरह से चार्ज है
- ☐ अपने पड़ोसियों का हाल-चाल पूछें
- ☐ जानकारी, अपडेटों और सलाह के लिए स्थानीय और सोशल मीडिया देखें

आँधी के दौरान

- ☐ घर के अंदर और खिड़कियों से दूर रहें
- ☐ यदि आप बाहर हैं, तो पेड़ों से दूर सुरक्षित आश्रय की खोज करें
- ☐ यह सुनिश्चित करें कि पालतू पशु सुरक्षित हैं
- ☐ जानकारी, अपडेटों और सलाह के लिए स्थानीय और सोशल मीडिया देखें

आँधी के बाद

- ☐ जानकारी, अपडेटों और सलाह के लिए स्थानीय और सोशल मीडिया देखें
- ☐ अपने घर और संपत्ति की नुकसान के लिए जाँच करें
- ☐ क्षतिग्रस्त इमारतों, बिजली के तारों और पेड़ों से दूर रहें
- ☐ बाढ़ के पानी तथा मलबे जैसे खतरों और क्षतिग्रस्त सड़कों या पुलों के बारे में सचेत रहें
- ☐ जब सुरक्षित हो, तो अपने पड़ोसियों के हाल-चाल पूछें
- ☐ बच्चों को बाढ़ के पानी में या उसके आस-पास न खेलने दें

बाढ़ चेतावनी स्तर

सलाह | देखें और कार्य करें | आपातकालीन चेतावनी

कभी भी बाढ़ के पानी से होकर गाड़ी न चलाएँ या सवारी न करें या चलकर न जाएँ

और अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें, या वेबसाइट **ses.sa.gov.au/storm** पर जाएँ

आपातकालीन सहायता के लिए कॉल करें
132 500

जानलेवा आपातकालीन स्थिति के लिए कॉल करें
000

और अधिक जानकारी के लिए कॉल करें
1800 362 361

22005